प्रेस नोट थाना साइबर क्राइम

शाहजहांपुर पुलिस

प्रेस नोट-सराहनीय कार्य दिनांक : 05.03.2025

"थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा तीन शिकायतों में शिकायतकर्ताओं के साथ हुई आनलाइन धोखाधड़ी की शत प्रतिशत कुल धनराशि रु0 1,40,173/- वापस कराई गयी"

पुलिस उपमहानिरीक्षक/ पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर महोदय के निर्देशानुसार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय के निर्देशन में व प्रभारी थाना साइबर क्राइम के कुशल नेतृत्व में साइबर क्राइम से संबंधित घटनाओं को गम्भीरता से लिया जा रहा तथा साइबर अपराध की निरन्तर समीक्षा की जा रही है। थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम को साइबर ठगी की घटना में संलिप्त अपराधियों की विशेष निगरानी एवं साइबर क्राइम से ठगे गये लोगों को उनकी धनराशि वापस कराये जाने के सम्बन्ध में कडे दिशा -निर्देश दिये गये थे। जिसके संबंध में थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

संक्षिप्त विवरणः-

1.श्री अभिनव कपूर पुत्र स्व0 अनिल कपूर निवासी मोहल्ला बाबूजई थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर द्वारा साइबर क्राइम हेल्पलाइन नं0 1930 पर शिकायत दर्ज कराई कि किसी व्यक्ति द्वारा शिकायतकर्ता के क्रेडिट कार्ड पर अतिरिक्त लग रहे चार्ज को खत्म करने के नाम पर शिकायतकर्ता से रु0 45,396/- की ऑनलाइन धोखाधडी कर किसी अन्य खाते में रुपये ट्रांसफर कर लिये गये है।

2.श्री परमजीत सिंह पुत्र मुख्त्यार सिंह निवासी दिलाजाक पुवांया रोड निकट कैन्ट चौकी थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर द्वारा साइबर क्राइम हेल्पलाइन नं0 1930 पर शिकायत दर्ज कराई कि किसी व्यक्ति द्वारा शिकायतकर्ता को नया क्रेडिट कार्ड बनवाने का ऑफर देते हुए एक संदिग्ध लिंक भेजकर शिकायतकर्ता से रु0 37,873/- की आनलाइन धोखाधडी कर किसी अन्य खाते में रूपये ट्रांसफर कर लिये गये है।

3.श्री अमित पुत्र वेद प्रकाश शुक्ला निवासी बृज विहार कालोनी थाना सदर बाजार जनपद शाजहांपुर द्वारा साइबर क्राइम हेल्पलाइन नं0 1930 पर शिकायत दर्ज कराई गयी कि शिकायतकर्ता को अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन कर उसके HDFC बैंक क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढाने के नाम पर शिकायतकर्ता को APK फाइल भेज कर शिकायकर्ता से रु0 56,904/- की आनलाइन धोखाधड़ी की गयी है।

इसी क्रम में शिकायतकर्ताओं की प्राप्त शिकायतों का साइबर क्राइम थाना पुलिस टीम द्वारा तत्परता से संज्ञान लिया गया तथा शिकायतकर्ताओं से संबंधित शिकायतों की डिटेल्स प्राप्त कर गहनता से छानबीन कर उनके साथ हुई ऑनलाइन धोखाधडी की शत-प्रतिशत धनराशि वापस

करायी गयी। साइबर क्राइम थाना जनपद शाहजहांपुर पुलिस टीम द्वारा की गई इस कार्यवाही से शिकायतकर्ताओं ने पूर्ण रुप से संतुष्ट होकर भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुये धन्यवाद दिया गया।

जागरुक रहे-सजग रहे, साइबर अपराध से सुरक्षित रहे।
साइबर अपराध होने पर तत्काल साइबर क्राइम हेल्पलाइन नं0 1930 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज कराये।

पुलिस टीम का विवरण:-

1-निरीक्षक श्री इन्द्रपाल सिंह प्रभारी साइबर क्राइम थाना शाह0
2-उ0नि0 रोहित कुमार साइबर क्राइम थाना शाह0
3-हे0का0 सुजीत कुमार साइबर क्राइम थाना शाह0
4-का0 पुष्पेन्द्र कुमार साइबर क्राइम थाना शाह0
5-का0 अखिलेश कुमार साइबर क्राइम थाना शाह0